# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड में हुई मोईन अली की वापसी



**'द हंड्रेड' में अच्छा प्रदर्शन**

34 साल के मोईन अली सीमित ओवरों की क्रिकेट में अच्छे लय में है। उन्होंने 'द हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का नेतृत्व करते हुए 23 गेंद में अर्धशतक लगाकर टीम को जीत दिलायी। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट इस साल फरवरी में भारत के खिलाफ खेला था जबकि घरेलू सरजमीं में उनका पिछला मैच 2019 की एशेज सीरीज का पहला मुकाबला था।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में 12 अगस्त से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले ऑलराउंडर मोईन अली को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के एक बयान के अनुसार, स्पिन गेंदबाजी करने वाला यह हरफनमौला मंगलवार को टीम के साथ अभ्यास करेगा। कप्तान जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड का शीर्ष क्रम पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहा है। मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड ने लगातार खराब प्रदर्शन की स्थिति में टीम में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। भारत के खिलाफ सीरीज के शुरुआती टेस्ट मैच की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम 183 रन पर आउट हो गयी थी। टीम ने रूट के 109 रन के दम पर दूसरी पारी में 303 रन का स्कोर खड़ा किया था। सिल्वरवुड ने कहा था कि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स की गैरमौजूदगी में मोईन को वापस बुलाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा था, 'मोईन के नाम पर निश्चित तौर पर विचार चल रहा है।

# पाकिस्तान का दौरा छोड़कर आईपीएल में खेलेंगे विलियमसन

**क्रिकेट**

## न्यूजीलैंड ने उप महाद्वीप के दौरे और टी20 विश्व कप के लिए चुनी अलग-अलग टीमें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भागीदारी को मंगलवार को उसके क्रिकेट बोर्ड ने मंजूरी दे दी। न्यूजीलैंड ने इसके साथ ही कोविड काल में वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए उप महाद्वीप के दौरे और टी20 विश्व कप के लिए अलग-अलग टीमें चुनी हैं। न्यूजीलैंड की पहली पसंद की टीम की अगुआई केन विलियमसन करेंगे जो टी20 विश्व कप के बाद भारत का दौरा करेगी। टॉम लैथम के नेतृत्व में न्यूजीलैंड की एक अन्य टीम सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश और पाकिस्तान का दौरा करेगी, क्योंकि इसी दौरान 19 सितंबर से आईपीएल के बाकी बचे हुए मैच खेले जाएंगे।

टी20 विश्व कप के लिए चुने गए न्यूजीलैंड के अधिकतर खिलाड़ी उससे पहले आईपीएल में हिस्सा लेंगे। यह टी20 टूर्नामेंट यूएई में ही होने वाले विश्व कप के लिए अच्छी तैयारियां मुहैया कराएगा।



कोविड-19 महामारी के कारण आईपीएल और विश्व कप को भारत की बजाय यूएई में आयोजित करने का फैसला किया गया है लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब भी टी20 विश्व कप का मेजबान रहेगा। सीनियर बल्लेबाज रॉस टेलर को पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे के लिए चुना गया था लेकिन बाद में इस पर सहमति बनी कि भारत के टेस्ट दौरे को देखते हुए वह स्वदेश में रहकर ही तैयारियां करेंगे।

न्यूजीलैंड 18 साल बाद पाकिस्तान का दौरा करेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बयान में कहा, 'न्यूजीलैंड की टीम 23 अगस्त को बांग्लादेश के लिये रवाना होगी और भारत के टेस्ट दौरे में शामिल होने वाले खिलाड़ी वहां खेलने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे।' एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने की अनुमति देने के बारे में कहा, ''यह व्यावहारिक रवैया है। हमने आईपीएल को लेकर हमेशा यथार्थवादी होने की कोशिश की है।' भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों और जैव सुरक्षित वातावरण में कुछ मामलों के पाये जाने के कारण मई में आईपीएल को स्थगित कर दिया गया था।


**न्यूजीलैंड की टीमें इस प्रकार हैं:** केन विलियमसन (कप्तान), टॉड एस्टल, ट्रेंट बोल्ट, मार्क चौपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मार्टिन गुप्टिल, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, जिमी नीशाम, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सेंटनर, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउथी, 'एडम मिल्ने (किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर)।

# मेसी और नेमार की सुपरहिट जोड़ी फिर दिखेगी मैदान में?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। फुटबॉल फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी और उनके पुराने बार्सिलोना क्लब के साथी ब्राजीलियन नेमार की सुपरहिट जोड़ी मैदान पर एक बार फिर साथ दिखाई दे सकती है। दरअसल, लियोनेल मेसी ने फ्रेंच सॉकर क्लब में स्थानांतरण पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ एक समझौता किया है। हालांकि, डील की डिटेल्स सामने नहीं आई है।

स्पोर्ट्स पेपर एल इक्विप ने अपनी वेबसाइट पर कहा- वह आने वाले घंटों में पेरिस पहुंचने वाले हैं। अर्जेंटीना और बार्सिलोना दोनों के लिए 34 वर्षीय रेकॉर्ड गोल करने वाले मेसी अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं।



छह बार के बैलोन डी ओर विजेता ने रविवार को रोते हुए अपनी लड़कपन टीम को विदाई दी। क्लब ने कहा कि वह अब उन्हें रखने का जोखिम नहीं उठा सकता। क्लब ने इस डील के नहीं होने पर पर ला लीगा के नियमों को दोषी ठहराया।

पीएसजी फ्रंटलाइन पहले से ही जबरदस्त है, जिसमें मेसी के पूर्व बार्सिलोना टीम के साथी नेमार और फ्रांस के युवा स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे दो सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर के रूप में टीम का हिस्सा हैं।

17 वर्षों में 682 के साथ बार्सिलोना के सर्वकालिक रेकॉर्ड गोल करने वाले मेसी के आने से क्लब की पहली चैंपियंस लीग जीतने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा मिलेगा। मेसी का आगमन, जिनके इंस्टाग्राम पर 245 मिलियन फॉलोअर्स हैं और बार्सिलोना के अब तक के सबसे सजाए गए खिलाड़ी हैं। टीवी अधिकारों के संकट में फंसे फ्रांस के लीग-1 के लिए भी बड़ी खबर है।

## लॉस एंजलिस ओलिंपिक के दावा करेगा आईसीसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के लिए अपनी तरफ से दावा पेश करेगा। आईसीसी पिछले कुछ समय से क्रिकेट को ओलिंपिक में शामिल करने की कोशिश कर रहा है तथा उसके इस दावे को दुनिया के सबसे धनी बोर्ड बीसीसीआई का भी समर्थन हासिल है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल में इस पर अपनी राय स्पष्ट की थी। आईसीसी ने ओलिंपिक कार्य समूह भी गठित किया है जो कि क्रिकेट को 2028 से ओलिंपिक खेलों का हिस्सा बनाने की दिशा में काम करेगा। आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बारक्ले ने बयान में कहा, 'हम सब एक इस दावे को लेकर एकमत हैं और हम ओलिंपिक को क्रिकेट के भविष्य के रूप में देखते हैं। हमारे वैश्विक स्तर पर एक अरब से अधिक प्रशंसक हैं और इनमें लगभग 90 प्रतिशत क्रिकेट को ओलिंपिक में देखना चाहते हैं।' 'यह स्पष्ट है कि क्रिकेट के पास मजबूत और जुनूनी प्रशंसकों का आधार है विशेषकर दक्षिण एशिया में जहां उसके 92 प्रतिशत प्रशंसक हैं।

## न्यूज डायरी



### न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर क्रिस क्रेन्स अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर क्रिस क्रेन्स की तबीयत बहुत खराब है और फिलहाल वह ऑस्ट्रेलिया में लाइफ सपॉर्ट पर हैं। क्रेन्स को मेडिकल इमर्जेंसी में बीते सप्ताह कैनबरा के एक अस्पताल में भरती करवाया गया था। उनकी मुख्य धमनी की अंदरूनी परत फट गई है। न्यूजीलैंड हैराल्ड अखबार के मुताबिक उन्हें जल्द ही सिडनी में विशेषज्ञ अस्पताल में भर्ती करवाया जाएगा। खबर है कि अस्पताल में उनके कई ऑपरेशन किए गए हैं लेकिन अभी तक उन पर इलाज का कोई असर नहीं दिख रहा है। 51 वर्षीय क्रेन्स के पिता लांस क्रेन्स भी न्यूजीलैंड के महान खिलाड़ी थे। वहीं क्रिस की बात की जाए तो दाएं हाथ के इस बल्लेबाज और मध्यम तेज गति के गेंदबाज को अपने दौर के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में गिना जाता था। क्रेन्स ने न्यूजीलैंड के लिए 62 टेस्ट मैच और 215 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले। इसके साथ ही उन्होंने दो टी20 इंटरनैशनल मैचों में भी कीवी टीम का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा पर कॉमेंटेटर भी रहे।

### माता-पिता अब अपने बच्चों का भविष्य हॉकी में देखेंगेः श्रीजेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि 41 साल बाद ओलिंपिक में पदक जीतने से अब माता-पिता अपने बच्चों को हॉकी में खेलने के लिए प्रेरित करेंगे। भारतीय टीम ने तोक्यो ओलिंपिक में जर्मनी को 5-4 से हराकर कांस्य पदक जीता था। हॉकी टीम ने 1980 मॉस्को ओलिंपिक के बाद कोई पदक जीता है। एथलीटों के टोक्यो से लौटने पर यहां अशोका होटल में सोमवार की शाम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जहां केंद्रिय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने इन एथलीटों का सम्मान किया। श्रीजेश ने कहा, 'हमने पदक जीता और दुनिया को साबित किया कि हम जीत सकते हैं। परिवार के लोगों को अब लगेगा कि उनका बच्चा भी हॉकी खेले। जैसे हमने पदक जीता वैसे ही एक दिन उनका बच्चा भी पदक लाए।'

### भारत की कामयाबी के पीछे विदेशी कोचों और सपॉर्ट स्टाफ का है अहम किरदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक में मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु, लवलीना बार्गोहेन, मीराबाई चानू, रवि दहिया और बजरंग पूनिया में क्या समानता है? आखिर महिला और पुरुष हॉकी टीम के ओलिंपिक में प्रदर्शन में क्या बदल गया? हमारे ऐथलीट्स की दृढ़ता, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन के अलावा इसमें कई विदेशी कोचों और सपॉर्ट स्टाफ के सदस्यों वैज्ञानिक और एनालिसिस एडवाइजर से लेकर फिजियो, मेंटल कंडीशनिंग कोच और साइकॉलजिस्ट तक का योगदान है जिन्होंने इन खिलाड़ियों को काफी मदद की। इन कोचों, खास तौर पर वे जो विदेश से आए हैं, ने हमारे ऐथलीट्स के रवैये और प्रदर्शन में काफी बदलाव लाए हैं। वे ज्यादातर नेपथ्य में रहे हैं लेकिन इन ऐथलीट्स के करियर को संवारने में इनकी अहम भूमिका रही है। नीरज चोपड़ा के करियर की ही बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत गैरी काल्वर्ट और जर्मनी के महान जैवलिन थ्रोअर उव हॉन और ऑस्ट्रेलिया के क्लॉस बार्तोनित्ज ने इसे नया रूप दिया।

### ओपनिंग को लेकर उठ रहे सवालों पर केएल राहुल ने लगाया विराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ज्यादा वक्त नहीं बीता। बीते सप्ताह की ही बात है। केएल राहुल टेस्ट करियर दोहारे पर खड़ा था। लगातार कम स्कोर बनाने के बाद बतौर ओपनर उन्हें असफल माना जाने लगा था। और कर्नाटक के इस बल्लेबाज को उम्मीद थी कि उन्हें टेस्ट टीम के मिडल-ऑर्डर में चुन लिया जाएगा। और फिर किस्मत अपना रंग दिखाती है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के नॉटिंगम में पहले टेस्ट से साथ मयंक अग्रवाल से सिर पर चोट लग जाती है। और एक बार फिर राहुल के लिए टीम के दरवाजे खुलते हैं। इस बार फिर बतौर ओपनर।